पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आश्वस्त किया है कि देश में ईंधन का कोई संकट नहीं है। उन्होंने आज नई दिल्ली में कहा कि हमारे पेट्रोल पम्प सामान्य तरीके से काम कर रहे हैं।

पर्याप्त मात्रा में क्रूड अवेलेबल है। सभी रिफाइनरीज हाइयेस्ट कैपासिटी में ऑपरेट कर रही हैं। हमारे पेट्रोल पम्प्स नार्मल ऑपरेट कर रहे हैं। कहीं कोई ड्राई आउट रिपोर्टेड नहीं है। नेचुरल गैस हंड्रेड पर्सेंट सप्लाई टू सीएनजी एंड पीएनजी कस्टमर, सीएनजी फॉर वीकल्स।

****

नागर विमानन मंत्री के० राममोहन नायडू ने कहा है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच दो लाख उन्नीस हजार से अधिक लोग भारत आये हैं। राज्यसभा में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में श्री नायडू ने कहा कि उडानों का सुरक्षित संचालन सर्वोच्च प्राथमिकता है और जब–जब हवाई क्षेत्र उपलब्ध हुआ तब–तब उडानें संचालित की गईं।

****

केन्द्र सरकार, स्टैंड–अप इंडिया योजना के नए संस्करण की शुरूआत करेगी। इससे देश में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को अधिक लाभ पहुंच सकेगा। लोकसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बताया कि अप्रैल 2016 में शुरू हुई स्टैंड–अप इंडिया योजना पिछले वर्ष मार्च में समाप्त हो गई। उन्होंने बताया कि इस योजना का नीति आयोग और अन्य विभाग ने अध्ययन किया है तथा लाभार्थियों को ज्यादा लाभ प्रदान करने के लिए इसे फिर से तैयार किया जा रहा है।

जब प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप योजनाओं की शुरूआत की थी तो ये एक नया विचार था पर यह महसूस किया गया कि ये केवल शहरी क्षेत्रों या कुछ ग्रामीण क्षेत्रों तक ही सीमित है और इसमें वास्तविक रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति तथा महिलाएं शामिल नहीं हो पा रही हैं इसलिए नया उद्यम शुरू करने के लिए स्टैंड अप इंडिया योजना बैंक की हर शाख के माध्यम से आरंभ की गई और इससे वास्तव में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं को लाभ हुआ है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में पीएम आवास योजना शहरी के दूसरे चरण के अन्तर्गत नब्बे हजार लाभार्थियों को उनके खाते में अनुदान राशि का अंतरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों से संवाद भी किया।

****

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताइस के लिए फास्टैग वार्षिक पास के लागू शुल्क को पचहत्तर रुपये बढ़ाकर तीन हजार पचहत्तर रुपये करने की घोषणा की है। बढ़ा हुआ शुल्क पहली अप्रैल से लागू होगा। ये पास वैध फास्टैग वाले सभी गैर–व्यावसायिक वाहनों के लिए लागू है।

****

वाराणसी में विकसित भारत जी–राम–जी योजना को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिये ई–केवाईसी प्रक्रिया को अनिवार्य रूप से लागू किया गया है। योजना के उपायुक्त देवेन्द्र ओझा ने बताया कि जिले में सत्तर प्रतिशत से अधिक लाभार्थियों के ई–केवाईसी सत्यापन का कार्य पूरा कर लिया गया है।

****

मुरादाबाद जिले के मुंढापांडे थाना क्षेत्र में मनकरा मोड़ के पास आज सुबह दिल्ली–लखनऊ राजमार्ग पर एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में गंभीर तौर पर घायल एक अन्य व्यक्ति का इलाज चल रहा है। वहां के पुलिस अधीक्षक–नगर, कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आज यह हादसा सुबह छह बजे तब हुआ जब रामपुर से दिल्ली जा रही एक कार अनियंत्रित होकर आगे चल रही ईंटों से लदी ट्रैक्टर–ट्रॉली टकरा गयी। एक अन्य सड़क हादसे में संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के रसूलाबाद में आज सुबह कार सवार दो लोगों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब गोरखपुर से लखनऊ की ओर जा रही एक तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही एक कार से टकरा गयी।

****

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा संचालित सीता की रसोई में अब भोजन प्रसाद के साथ श्रद्धालुओं को ओआरएस का पैकेट भी दिया जा रहा है। एक रिपोर्ट–

सीता की रसोई के व्यवस्थापक धनंजय पाठक ने कहा कि गर्मी को देखते हुए सीता की रसोई में अब भोजन प्रसाद के साथ ओआरएस का पैकेट भी वितिरित किया जा रहा है ताकि दर्शन करने आने वाले भक्तों को डिहाईड्रेशन से बचाया जा सके। सीता की रसोई में श्रद्धालुओं को सुबह सात बजे से रात नौ बजे तक निःशुल्क भोजन प्रसाद उपलब्ध कराया जाता है। यह रसोई श्रीराम मंदिर के निकास मार्ग पर संचालित है। अयोध्या से तन्मय सोनी की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में आज भी कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जतायी है। विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही अगले तीन दिनों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तथा की अचानक वृद्धि, जबकि न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की मामूली बढ़ोत्तरी हो सकती है।

****